भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

**मासिक मंत्रिमंडल रिपोर्ट, फरवरी, 2024**

कृपया दिनांक 5 अगस्त, 2014 के अ.शा.पत्र संख्या 502/1/2/2014-सीए.V का संदर्भ लें जो मंत्रिमंडल सचिव से सभी सचिवों को उनके विभाग के क्रियाकलापों पर मासिक रिपोर्ट के संबंध में है। फरवरी, 2024 के माह के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की प्रमुख कार्यकलापों, घटनाओं और उपलब्धियों पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट इस प्रकार है:

1. फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति:

1.1 एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 1.80 लाख प्रचालनरत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (पूर्ववर्ती आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र) के संशोधित लक्ष्य के सापेक्ष, दिनांक 29.02.2024 तक 1,68,044 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) प्रचालनरत हैं। फरवरी 2024 के माह में, 3,566 एएएम को नये सिरे से प्रचालनरत किया गया है।

1.2 राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत, 17 चिन्हित राज्यों में कुल 2,18,42,012 व्यक्तियों की जांच की गई है और दिनांक 29.02.2024 तक कुल 27,76,169 सिकल सेल कार्ड वितरित किए गए थे। फरवरी 2024 के माह में, सिकल सेल एनीमिया के लिए 61,40,313 व्यक्तियों की जांच की गई है।

1.3 'आयुष्मान भव' अभियान दिनांक 17.09.2023 से शुरू किया गया था। इस अभियान के दौरान, 7.12 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड और 11.34 करोड़ आभा आईडी सृजित किए गए हैं (फरवरी 2024 के माह में, 77.27 लाख आयुष्मान कार्ड और 3.44 करोड़ आभा कार्ड सृजित किए गए हैं)। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 15.33 करोड़ से अधिक फुटफॉल के साथ कुल 21.03 लाख आयुष्मान मेलों का आयोजन किया गया है (फरवरी के माह में, कुल 2.48 करोड़ फुटफॉल के साथ 3.56 लाख आयुष्मान मेलों का

आयोजन किया गया है)। इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर मेले में, टीबी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर और मोतियाबिंद के लिए 29.54 करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग की गईं (फरवरी 2024 के माह में, इसी प्रकार की बीमारियों के लिए 4.76 करोड़ से अधिक जांच की गई थीं)। इसके अतिरिक्त, अब तक 10.01 करोड़ और 7.95 करोड़ से अधिक लोग क्रमशः नि:शुल्क दवाओं और नैदानिक सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं (फरवरी 2024 के माह में, 1.63 करोड़ से अधिक और 1.28 करोड़ से अधिक लोगों को ये लाभ प्राप्त हुए)। प्रत्येक ब्लॉक में विशेषज्ञ सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए, अब तक 2.41 करोड़ से अधिक फुटफॉल की कुल संख्या के साथ मेडिकल कॉलेजों के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में 51,796 आयुष्मान भव मेले आयोजित किए गए हैं (फरवरी 2024 के माह में, कुल 39.57 लाख के फुटफॉल के साथ 7952 आयुष्मान मेले सीएचसी स्तर पर आयोजित किए गए हैं) सीएचसी स्तर के आयुष्मान भव मेलों में 95.34 लाख नि:शुल्क प्रयोगशाला परीक्षण किए गए हैं (फरवरी 2024 के माह में, सीएचसी स्तर पर नि:शुल्क प्रयोगशाला परीक्षणों की संख्या 15.82 लाख से अधिक थी)। इसके अतिरिक्त, सीएचसी स्तर के मेलों में 2.29 लाख से अधिक लोगों ने बड़ी और छोटी सर्जरी सुविधा का लाभ उठाया (फरवरी 2024 के माह में, 33,000 से अधिक लोगों ने नि:शुल्क सर्जरी का लाभ उठाया)।

1.4 माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनाक 16.02.2024 को एम्स रेवाड़ी, हरियाणा की आधारशिला रखी गई थी। एम्स जम्मू को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिनांक 20.02.2024 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था और निम्नलिखित 5 एम्स माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिनांक 25.02.2024 को राष्ट्र को समर्पित किए गए थे:

| | | |
|---|---|---|
| i. | एम्स, | कल्याणी |
| ii. | एम्स, | राजकोट |
| iii. | एम्स, | मंगलागिरी |
| iv. | एम्स, | बठिंडा |
| v. | एम्स, | रायबरेली |

1.4.1 जोधपुर, रायपुर, नागपुर और अवंतीपुरा स्थित प्रत्येक एम्स में चार कार्यकारी निदेशकों के नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए गए हैं।

2. विविध:

2.1 विकसित भारत संकल्प यात्रा:

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) ने यात्रा के दौरान प्रदर्शित की जाने वाली योजनाओं/कार्यक्रमों की पहचान की थी, जैसे कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रमुख योजना के रूप में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) और जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन पर अतिरिक्त फोकस के साथ अभियान के लिए राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी)। इसके अलावा, मोबाइल वैनों के ठहरने के स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए गए थे, जिनमें क्षयरोग, गैर-संचारी रोगों और सिकल सेल रोग के लिए स्क्रीनिंग और रेफरल, निक्षय मित्र पंजीकरण और निक्षय मित्र के तहत सहमति, निक्षय पोषण योजना बैंक खातों को जोड़ना, आयुष्मान कार्ड का सृजन और प्रत्यक्ष रूप से कार्ड वितरण किया गया।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने यात्रा के कार्यकलापों की निगरानी के लिए राज्य नोडल अधिकारियों के रूप में नामित 31 वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक केंद्रीय समन्वय समिति का गठन किया था और लगभग सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, में जहां यात्रा चल रही थी, का दौरा किया गया। इसके अलावा, डीजीएचएस, क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यालयों (आरओएचएफडब्ल्यू), राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) से नामित 169 जिला स्वास्थ्य नोडल अधिकारियों ने 654 जिलों का दौरा किया था। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए गए थे। प्रगति को उन्मुख करने और निगरानी करने के नियमित आधार पर लिए राज्यों के साथ कई प्रशिक्षण और बैठकें आयोजित की गई थीं। डेटा एंट्री माइक्रोसाइट को तात्क्षणिक डेटा कैप्चर करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया था।

दिनांक 29.02.2024 तक, कुल 7,34,08,564 से अधिक लोगों के फुटफॉल के साथ 2,38,006 ग्राम पंचायतों से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई थी। 2,79,74,148 आयुष्मान कार्ड सृजित किए गए थे और 51,05,148 आयुष्मान कार्ड प्रत्यक्ष रूप से वितरित किए गए थे। क्षय रोग के लिए 3,91,33,509 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 11,90,526 से अधिक व्यक्तियों को उच्च जन स्वास्थ्य सुविधाकेंद्रों के लिए रेफर किया गया। 43,00,584 लोगों की सिकल सेल रोग के लिए जांच की गई, जिनमें से 84,048 लोग पॉजिटिव पाए गए और उन्हें उच्च जन स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्रों में रेफर किया गया। लगभग 2,81,83,990

लोगों की उच्च रक्तचाप के लिए जांच की गई और 2,69,33,141 लोगों की मधुमेह के लिए जांच की गई। 20,61,409 से अधिक लोगों के हाइपरटेंशन पॉजिटिव होने का संदेह था और 14,83,717 से अधिक लोगों को मधुमेह के लिए पॉजिटिव होने का संदेह था और 31,04,665 से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाकेंद्रों के लिए रेफर किया गया था।

**2.2** प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम)**:**

दिनांक 03.02.2024 को राजस्थान के एम्स (जोधपुर) में माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री द्वारा पीएम-एबीएचआईएम के तहत विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की आधारशिला रखी गई। माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा 1.64 करोड़ रुपये की लागत वाले 4 भवन-रहित उप-स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास और 14.76 करोड़ रुपये की लागत वाले 36 भवन-रहित उप-स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया गया।

पीएम-एबीएचआईएम के तहत, माननीय प्रधान मंत्री ने 25.02.2024 को राजकोट, गुजरात में 115 परियोजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन, और शिलान्यास कर राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें पीएम-एबीएचआईएम के तहत 78 परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें से 1,625 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 57 क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) की; 10 करोड़ रुपये की लागत वाली 8 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं (आईपीएचएल) और 3 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 4 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू) की आधारशिला रखी गई। इसके अलावा, 8 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 7 आईपीएचएल और 6 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 9 बीपीएचयू राष्ट्र को समर्पित किए गए।

2.3 दिनांक 25.02.2024 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 10 नई माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशालाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया था। आठ राज्यों में राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं (एसएफटीएल) में 10 माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशालाएं सफलतापूर्वक स्थापित की गई थीं:

i. उत्तर प्रदेश (लखनऊ, मेरठ)
ii. केरल (एर्नाकुलम, कोझिकोड)
iii. महाराष्ट्र (मुंबई)
iv. छत्तीसगढ़ (रायपुर)
v. असम (गुवाहाटी)
vi. दिल्ली (उत्तर पश्चिम दिल्ली)
vii. आंध्र प्रदेश (विशाखापत्तनम)
viii. तमिलनाडु (कोयंबटूर)

2.4 माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 25.02.2024 को असम (17), आंध्र प्रदेश (4), चंडीगढ़ (1), हिमाचल प्रदेश (3), जम्मू और कश्मीर [6 यानी जम्मू (3) और श्रीनगर (3)], मेघालय (2), उत्तर प्रदेश (18) और उत्तराखंड (2) के लिए कुल 53 फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स (एफएसडब्ल्यू) का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया था।

2.5 ब्राज़ीलियाई प्रेसीडेंसी के तहत पहली जी20 संयुक्त वित्त और स्वास्थ्य टास्क फोर्स (टास्क फोर्स या जेएफ़एचटीएफ़) की बैठक 01.02.2024 को ऑनलाइन आयोजित की गई थी। जेएफएचटीएफ के सह-अध्यक्षों, इटली और इंडोनेशिया ने इस बैठक को सुकर बनाया।

2.6 माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने 12.02.2024 को जर्मनी के संसदीय राज्य स्वास्थ्य सचिव (एमओएस) प्रोफेसर डॉ. एडगर फ्रांके के साथ बैठक की।

2.7 माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने 14.02.2024 को ग्वाटेमाला के पूर्व उपराष्ट्रपति और वर्तमान में ग्वाटेमाला के चैंबर ऑफ कॉमर्स के सलाहकार श्री सीजर गुइलेर्मो कैस्टिलो रेयेस के साथ बैठक की।

2.8 डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल (जीआईडीएच) - डब्ल्यूएचओ प्रबंधित नेटवर्क 20 फरवरी, 2024 को शुरू किया गया था।

2.9 जी20 ब्राज़ील स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक 22.02.2024 को ऑनलाइन आयोजित की गई।

2.10 फरवरी 2024 के महीने में, उड़ीसा राज्य के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स (एफएसडब्ल्यू) को मंजूरी दी गई थी। इससे स्वीकृत एफएसडब्ल्यू की कुल संख्या बढ़कर 408 हो गई है।

2.11 ब्रांड नामों के साथ "ओआरएस" शब्द के उपयोग के संदर्भ में दिनांक 02.02.2024 को आदेश जारी किया गया था जिसमें एफबीओ को उन शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया था कि वे व्यापार चिह्न अधिनियम,1999 की धारा 17 के अनुरूप उपसर्ग या प्रत्यय के साथ "ओआरएस" का उपयोग कर सकते हैं और उनके फ्रंट-ऑफ-पैक पर प्रमुख घोषणा का अनुपालन करने के लिए कि 'उत्पाद डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित ओआरएस फॉर्मूला नहीं है' प्रदर्शित करना होगा। साथ ही उन्हें एफएसएस (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 के अनुसार उचित अस्वीकरण भी प्रदान करना होगा।

2.12 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 27-29 फरवरी, 2024 को टोगो, पश्चिम अफ्रीका में प्रकोप और महामारी के लिए जीएवीआई 6.0 एलायंस कार्यशाला और वैक्सीन साझेदारी में भाग लिया।

2.13 एनआईएचएफडब्ल्यू के सीएचआई नियंत्रित सर्वर पर सुविधा आधारित नवजात परिचर्या (एफबीएनसी) ऑनलाइन सॉफ्टवेयर की होस्टिंग और रखरखाव के लिए एमओएचएफडब्ल्यू और स्वास्थ्य सूचना विज्ञान केंद्र (सीएचआई), राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफडब्ल्यू) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 22.02.2024 को हस्ताक्षर किए गए।

2.14 मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' योजना के तहत, आंध्र प्रदेश राज्य को 70.47 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। 'नए पीजी विषयों को शुरू करने और मेडिकल कॉलेजों में पीजी सीटें बढ़ाने के लिए राज्य सरकार का सुदृढ़ीकरण और उन्नयन' योजना के तहत, आंध्र प्रदेश राज्य को 85.05 करोड़ रुपये जारी किए गए थे।

सस्नेह,